खण्ड - 12 संख्या - 5

# एकादश

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 ई०

**भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा**

**का**

**कार्य-वितरण।**

**सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में**
**वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 को पूर्वाह्न 11:00 बजे**
**अध्यक्ष, श्री देवनारायण यादव के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।**

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 468, दिनांक 11 मार्च, 1992 द्वारा गठित जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र का कार्यकाल मार्च, 1997 में समाप्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नयी समिति के गठन अथवा विशेष पदाधिकारी के पदस्थापित नहीं होने के कारण समिति को विकास मद में दी गयी दशम वित्त आयेग की राशि सहित अन्य राशियों का उपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे विकास संबंधी कार्य ठप है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, ता क्या सरकार नयी समिति के लिए चुनाव कराने तथा चुनाव होने तक विशेष पदाधिकारी को पदस्थापति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## श्री राम का स्थानान्तरण

**४२६. श्री यदुवंश सिंह** – क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि श्री कैलाश राम, कार्यपाल अभियंता, जिला परिषद् दरभंगा के पद पर विगत 6 वर्षों से पदस्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार कर्मचारी एवं पदाधिकारी का 3 वर्षों से अधिक समय तक एक जगह पदस्थापित नहीं रहने का प्रावधान है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री राम का स्थानान्तरण करने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

## चापाकल की व्यवस्था

**४२७. श्री अब्दुस्सलाम** – क्या मंत्री, लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले क्षेत्र के अन्तगर्त जाले